# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## होशंगाबाद रोड, भोपाल : 462 026


क्रमांक : 1734/लेखा–वि.वि. सावधि/2021, , भोपाल, दिनांक : 22 DEC 2021

प्रति,

शाखा प्रबंधक,
भारतीय डाक विभाग
मुख्य डाक घर करर्यालय,
टी.टी. नगर, भोपाल,

भोपाल

विषय :– विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों के संधारण एवं खातों मे उपलब्ध राशि पर अधिकतम् सावधि ब्याज दर के संबंध में।

—————

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षकों, अधिकारियो एवं कर्मचारियो, भविष्य निधि खातों में उपलब्ध राशि पर अधित्म ब्याज दर प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रयास किये जा रहे है। अतः आपके डाकघर पर वर्तमान में प्रचलित भविष्य निधि खातों के संधारण तथा खातों में उपलब्ध राशि पर ब्याज दर आदि की जानकारी विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करे।

विश्वविलय द्वारा संधारित खातों के संबंध में आवश्यक निर्देश निम्नानुसार रहेंगे :–

1– समस्त खातें नियोक्ता एवं शिक्षकों, अधिकारियो एवं कर्मचारियो, के संयुक्त नाम से संधारित किये जायेंगे। जिसके अंतर्गत प्रथम नाम नियोंक्ता कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल एवं दूसरा नाम शिक्षकों, अधिकारियो एवं कर्मचारियो, का होगा, उक्त खातें भविष्य निध खातों के अंतर्गत संधारित किये जायेंगे।

2– खातों के संधारण इेतु प्रत्यें खातें की पास बुक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा, पास बुक को अपडेट करने की व्यवस्था बैंक की होगी।

3– संधारित खातों में उपलब्ध राशि पर प्राप्त ब्याज को आयकर में छूट देना आवश्यक होगा।

4– खातों के संधारण उपरांत प्रतिवर्ष आय–व्यय विवरण पत्रक प्रत्येक वित वर्ष के अंत में विश्वविद्यालय को उपलब्ध करना अनिवार्य होगा।

अतः आपके डाक विभाग में वर्तमान में प्रचलित भविष्य निधि खातों के संधारण तथा खातों में उपलब्ध राशि पर प्रदाय किये जाने वाले ब्याज दर संबंधि जानकारी विश्वविद्यालय को दिनांक 24 दिसम्बर 2021 तक कार्यालयीन समय में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करे। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिये श्री सुनील नायक, सहायक कुलसचिव (लेखा) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से सम्पर्क करने का कष्ट करे। आवश्यक जानकारी हेतु मोबा. 9575304500 पर कार्यालयीन समय पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

सहायक कुलसचिव (लेखा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
ASTT. REGISTRAR (ACCT)
Barkatullah University, Bhopal

पृ. क्रमांक : 1735/लेखा–वि.वि. सावधि/2021, भोपाल, दिनांक : ....

प्रतिलिपि :–

1– उप प्रबंधक, भारतीय डाक विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय डाक कार्यालय, विश्वविद्यालय परिसर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर इस आशय के साथ प्रस्तुत है, कि कृपाया उपरोक्तानुसार जानकारी मुख्य कार्यालय से प्राप्त कर विश्वविद्यालय को अतिशिघ्र उपलबध कराने की व्यवस्था करे।

सहायक कुलसचिव (लेखा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल,
ASTT. REGISTRAR (ACCT)
Barkatullah University, Bhopal